कार्यालय प्राचार्य
बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)
Website – www.bcspgcdmt.com
E-mail – pgcollege.dhamtari@gmail.com

NAAC GRADE-'B+' | AISHE CODE- C-21763

दूरभाष – 07722–238933
फैक्स – 07722–237933

दिनांक 04/10/2024

:: प्रेस विज्ञप्ति ::

# शासकीय पी.जी. कॉलेज, धमतरी परिसर में लर्निंग लाइसेंस कैम्प का आयोजन

बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी में लर्निंग लाइसेंस कैम्प जिला परिवहन विभाग धमतरी भारत विकास परिषद् शाखा–धमतरी व सृष्टि ऑनलाईन सर्विस सेन्टर कलेक्ट्रेट रोड़, धमतरी के सहयोग से बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में लर्निंग लाइसेंस कैम्प दिनांक 07 एवं 08 अक्टूबर 2024, समय–प्रातः 11:00 बजे से लगाया जाना है। लर्निंग लाइसेंस बनवाने के इच्छुक नियमित छात्र–छात्राएँ आवश्यक दस्तावेज (आधार कार्ड की छायाप्रति, पासपोर्ट साइज फोटो 02 नग, 10वीं अंकसूची या अन्य दस्तावेज जिसमें जन्मतिथि सही अंकित हो।) एवं मोटर सायकल दुपहिया वाहन हेतु 356 रूपये एवं लाईट मोटर व्हीकल हेतु 506 रूपये निधारित फीस लेकर उपस्थित होवें। लर्निंग लाइसेंस प्राप्त करने के लिए ऑनलाईन परीक्षा पास करना अनिवार्य है। परीक्षा पास करने के पश्चात् प्राप्त लिंक से संबंधित आवेदक विद्यार्थी लाइसेंस डाउनलोड कर सकेगा एवं परीक्षा पास नहीं करने की स्थिति में पुनः परीक्षा फीस जमा कर 01 सप्ताह के बाद परीक्षा देना होगा। यह जानकारी प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे ने दी।

**( डॉ.श्रीदेवी चौबे )**
**प्र.प्राचार्य**
**बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय**
जिला-धमतरी (छ.ग.)